

## सुपरफास्ट खबरें

### शिशु भारती पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ

**संवाददाता** कर्णप्रयाग। सरस्वती शिशु मंदिर कर्णप्रयाग में शिशु भारती पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष दमयंती रतूड़ी ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से छात्र–छात्राओं में दायित्व बोध की भावना बनी रहती है। विद्यालय प्रधानाचार्य मुरलीधर चंदोला ने शिशु भारती के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यालय में प्रति वर्ष शिशु भारती का गठन कर अध्ययनरत छात्र–छात्राओं को इसका दायित्व दिया जाता है।

### भगवान शंकर के मध्य भाग की पूजा होती मदमहेश्वर धाम में

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। पंच केदारो में द्वितीय केदार के नाम से विख्यात मदमहेश्वर धाम में भगवान शंकर के मध्य भाग की पूजा होती है। केदारनाथ धाम की तर्ज पर मदमहेश्वर धाम में मुख्य पूजा का जिम्मा मन्दिर समिति के प्रधान पुजारी को है शेष हक–हकूक का जिम्मा गौण्डार के ग्रामीणों को है। मदमहेश्वर धाम सुरम्य मखमली बुग्यालों के मध्य विराजमान है। मदमहेश्वर पुरी में सप्त ऋषि वृक्ष रूप में तपस्यारत है। मदमहेश्वर पुरी से लगभग दो किमी की दूरी पर बूढ़ा मदमहेश्वर का तीर्थ है यहां से चौखम्भा को अति निकट से देखा जा सकता है। मदमहेश्वर धाम से नन्दी कुण्ड–पाण्डव सेरा–कल्पनाथ पैदल ट्रैक भी किया जा सकता है।

### भगवान मदमहेश्वर को लगाया गया नये अनाज का भोग

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। पंच केदारों में द्वितीय केदार के नाम से विख्यात भगवान मदमहेश्वर के कपाट खुलने की प्रक्रिया शुक्रवार को शीतकालीन गद्दी स्थल ओंकारेश्वर मन्दिर में विधिवत शुरू हो गयी है। पौराणिक परम्पराओं व रीति रिवाजों के अनुसार स्थानीय श्रद्धालुओं ने भगवान मदमहेश्वर की चल विग्रह उत्सव मूर्तियों को नये अनाज का भोग लगाकर कर आगामी यात्रा के निविध्न सम्पन्न होने की कामना की। 19 मई को भगवान मदमहेश्वर की चल विग्रह उत्सव डोली अपने धाम के लिए रवाना होगी तथा 21 मई को लग्नानुसार भगवान मदमहेश्वर के कपाट ग्रीष्मकाल के लिए खोल दिये जायेंगे।

### मतगणना तैयारियों को लेकर सीईओ ने ली अधिकारियों की बैठक, दिए दिशा–निर्देश

# मतगणना के लिए माइक्रो आब्जर्वर रहेंगे तैनात

अल्मोड़ा। **संवाददाता**

लोक सभा सामान्य निर्वाचन की मतगणना को सफलतापूर्वक एवं त्रुटि रहित सम्पन्न कराने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी सौजन्या ने आज रिटर्निंग आफिसरों, जिलाधिकारियों तथा मतगणना से जुड़े अधिकारियों को मतगणना हेतु की जाने वाली तैयारियों के सम्बन्ध में वीसी के माध्यम से आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।

वीसी के माध्यम से मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी रिटर्निंग आफिसरों से कहा कि 23 मई, 2019 को लोक सभा सामान्य निर्वाचन की होने वाली मतगणना को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जो भी दिशा निर्देश निर्गत किये गये है उन्हीं के अनुसार सभी व्यवस्थायें एवं तैयारियॉ सुनिश्चित कराते हुए मतगणना कार्य को त्रुटि रहित सम्पादित करायी जाय। उन्होंने कहा कि मतगणना हेतु तैनात किये गये कार्मिकों का रैंडमाईजेशन निर्वाचन आयोग से नियुक्त किये गये प्रेक्षक की उपस्थित में करायी जाय तथा उसकी अनिवार्य रूप से वीडियोग्राफी भी की जाय। उन्होंने कहा कि मतगणना के लिए प्रत्येक टेबल पर माइक्रो आब्जर्वर तैनात रहेंगे तथा प्रत्येक टेबल पर काउंटिंग एजेण्ट भी तैनात रहेंगे जिसके लिए उन्होंने समय से काउंटिंग एजेण्टों की सूची प्राप्त करते हुए उनको परिचय पत्र भी निर्गत कराने को कहा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने यह भी कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार मतदान केन्द्र के अन्दर मोबाइल फोन पूर्णतः प्रतिबन्धित किया गया है। मतदान केन्द्र के अन्दर किसी भी दशा में किसी भी कार्मिक द्वारा मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं किया जायेगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रेस प्रतिनिधियों को मतगणना स्थल पर बनाये गये मीडिया सेंटर तक ही मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति होगी। मतगणना का परिणाम आब्जर्वर एवं सहायक रिटर्निंग आफिसर के संस्तुति के पश्चात सबसे पहले सुविधा काउंटिंग एप्लीकेशन पर अपलोड़ किया जायेगा उसके बाद ही चक्रवार घोषणा की जाएगी। उन्होंने मतगणना केन्द्र में विद्युत आपूर्ति सुचारू रखने के निर्देश दिये।



मतगणना तैयारियों को लेकर सीईओ द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से ली गई बैठक में प्रतिभाग करते अधिकारी।

### अधिकारी उत्तराखंड राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों को समझने में रहे नाकाम

**संवाददाता** हरिद्वार। सूबे के वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ हरक सिंह रावत द्वारा उत्तराखंड की अफसर शाही पर न्याय संगत रूप से अपनी बात उठाए जाने का खुला समर्थन करते हुए पूर्व कृषि उत्पादन मंडी समिति अध्यक्ष संजय चोपड़ा के संयोजन में बेल वाला ग्राउंड में नुक्कड़ सभा के माध्यम से राज्यपाल, मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के मुख्य सचिव से संयुक्त रूप से लालडांग, चिल्लर खार, कंडी मार्ग के रुके हुए काम को सुचारू रूप से संचालित किए जाने की मांग उठाई।

वन मंत्री डॉ हरक सिंह रावत की शासन के अवसर शाही की कार्यशैली पर प्रतिक्रिया का खुला समर्थन किया। यदि शीघ्र ही मार्ग का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया तो चरणबद्ध तरीके से आंदोलन किए जाएंगे।

# बाबा केदार के आशीर्वाद से दोबारा बनेगी भाजपा सरकार

हरिद्वार। **संवाददाता**

■मोदी विश्व में उभरती हुई भारत की शक्ति के प्रतीक हैं: देशराज कर्णवाल

झबरेड़ा के विधायक देशराज कर्णवाल केन्द्र में पुनः मोदी सरकार की स्थापना हेतु मंगल कामना करने भगवान केदारनाथ से मन्नत मांगने के लिए मोटर साइकिल से रुड़की से केदारनाथ रवाना हुए। हरिद्वार पहुंचने पर उत्तरी हरिद्वार की धार्मिक संस्था श्रीजगदीश आश्रम में महंत योगेन्द्रानन्द शास्त्री के पावन सानिध्य में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक देशराज कर्णवाल पूजा–अर्चना तथा पारद शिवलिंग के अभिषेक एवं संतजनों के आशीर्वाद के साथ मोटर साइकिल से केदारनाथ की यात्रा के लिए रवाना हुए।

झबरेड़ा विधायक देशराज कर्णवाल ने भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि भाजपा अनुशासित पार्टी है। मोदी विश्व में उभरती हुई भारत की शक्ति के प्रतीक हैं। वे पुनः देश के प्रधानमंत्री बने यह हर भारतवासी की कामना है। देशभक्त भारतवासियों की ओर से बाबा केदार के दरबार में हाजिरी लगाकर उनसे पुनः मोदी सरकार की स्थापना की कामना, प्रार्थना के लिए जा रहा हूं। आयोजन के संयोजक पूर्व मण्डल अध्यक्ष एवं पार्षद अनिरूद्ध भाटी ने कहा कि देश में सुशासन, शांति, स्थिरता तथा हर क्षेत्र में प्रगति के लिए पुनः भाजपा की सरकार केन्द्र में आना आवश्यक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने पांच वर्ष के अल्प कार्यकाल में जो देश को ऊंचाईयों पर पहुंचाने का काम किया हैं उसका कोई सानी नहीं है। इस अवसर पर देशराज कर्णवाल के साथ पूर्व जिला पंचायत सदस्या वैजयन्ती माला, वरिष्ठ भाजपा नेता सतीशचन्द्र शर्मा आदि का श्रीजगदीश आश्रम में पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।



## 23 मई को खुलेगा मोदी के झूठ का पुलिंदाः हरीश रावत

नैनीताल। **संवाददाता**

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि आगामी 23 मई को मोदी के झूठ का पुलिंदा खुल जाएगा और भाजपा लोकसभा चुनाव में बुरी तरह पराजित होगी।

रावत बिंदुखत्ता में यहां कार्यकर्ताओं की बैठक ले रहे थे। उन्होंने कहा कि अब अंतिम चरण के चुनाव होने हैं। इसके बाद 23 मई को मतगणना हो जाएगी, जिसमें भाजपा बुरी तरह परास्त होगी। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने भाजपा को पूरी तरह नकार दिया है अब देश में विकास के लिए कांग्रेस की सरकार बननी आवश्यक है।

हाल ही में रावत द्वारा अपने समर्थकों के कार्यक्रमों में शामिल होने पर उत्तराखंड में कांग्रेसी नेताओं द्वारा की जा रही बयानबाजी पर उन्होंने कहा कि वह जनता से जुड़े व्यक्ति हैं और वह जनता की समस्याओं के समाधान का प्रयास कर रहे हैं।

# मतगणना के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियों को किया पूरा

गोपेश्वर। **संवाददाता**

### जिलाधिकारी ने मतगणना तैयारियों को लेकर ली बैठक

लोकसभा सामान्य निर्वाचन की मतगणना के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियों को पूरा कर लिया है। चमोली जिले की तीनों विधानसभा की मतगणना 23 मई को सुबह आठ बजे से राजकीय कन्या इंटर कॉलेज गोपेश्वर में शुरू होगी। जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी स्वाति एस भदौरिया, अपर जिला निर्वाचन अधिकारी हंसादत्त पांडे एवं विभिन्न राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में सूचना विज्ञान केन्द्र में मतगणना कार्मिकों का पहला रेन्डामाइजेशन किया गया।

जिले की तीनों विधानसभा की मतगणना के लिए 29 टेबल लगाई जाएगी, जिसमें बद्रीनाथ विधानसभा के लिए 11 और कर्णप्रयाग व थराली विधानसभा के लिए नौ–नौ टेबल रहेगी। मतगणना के लिए रेन्डामाइजेशन के बाद 36 मतगणना सुपरवाईजर, 39 मतगणना सहायक तथा 44 माइक्रो ऑब्जर्बर की तैनाती की गई है। मतगणना कािमकों को 20 मई को दूसरे प्रशिक्षण के साथ ही आईडी दी जाएगी। 22 मई को प्रातरू नौ बजे मतगणना कािमकों का दूसरा रेन्डामाइजेशन किया जाएगा। जबकि 23 मई को सुबह पांच बजे मतगणना कार्मिकों का अंतिम रेन्डामाइजेशन के बाद टेबल आवंटित की जाएगी।

मतगणना कार्मिकों के रेन्डामाइजेशन के दौरान यूकेडी के मुख्य प्रवक्ता सतीश सेमवाल, बीजेपी के मण्डल महामंत्री नीलम सिंह नेगी, मोहन सिंह नेगी, निर्दलीय प्रत्याशी आनंदमणि दत्त जोशी सहित सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बीएस रावत, कार्मिक प्रभारी आशुतोष भंडारी आदि उपस्थित थे।



## निष्पक्षता और शांति व्यवस्था के साथ संपन्न कराये मतगणना

### मतगणना कार्मिकों को दिया प्रशिक्षण

रुद्रप्रयाग। लोकसभा सामान्य निर्वाचन के तहत मतगणना कार्यो को निष्पक्षता और शांति व्यवस्था के साथ संपन्न कराने को लेकर मतगणना कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। जिले की दोनों विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना का कार्य 23 मई को सुबह आठ बजे से अगस्त्यमुनि क्रीडा मैदान में किया जाना है। मतगणना के लिए 34 गणना सुपरवाइजर, 36 गणना सहायक तथा 40 माइक्रो आब्जर्वरों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इसके साथ ही मतगणना के लिए प्रत्येक विधानसभा के लिये 14 टेबल लगाई जाएंगी।

कार्मिक प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी कपिल पाण्डे ने सभी मतगणना कार्मिकों को बेहद सर्तकता एवं सावधानी के साथ मतगणना कार्यो को पूरा करने के निर्देश दिए। कहा कि मतगणना निर्वाचन का महत्वपूर्ण चरण है। इसमें जरा सी भी चूक होने पर पूरा परिणाम व निर्वाचन प्रक्रिया दूषित हो जाती है। इसलिए विशेष सावधानी रखी जाय।

उन्होंने मतगणना के दौरान निर्वाचन आयोग के निर्देशों का भी पूरी तरह से पालन सुनिश्चित करने, मतगणना कार्यो में किसी प्रकार की लापरवाही एवं जल्दबाजी न करने के भी निर्देश दिए। कहा कि कार्मिकों को जो भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है, उसे भलीभांति समझ लें और मतगणना के दौरान निष्पक्ष रहकर कार्य करने के निर्देश दिए। ईवीएम प्रभारी नितिन शर्मा ने मतगणना कार्मिकों को मतगणना के हर एक बिंदु की जानकारी दी।